## 300 से अधिक प्रतिभाओं को किया सम्मानित

**करौली ( निसं )।** राजस्थान नाथ समाज करौली के सहयोग से गोरक्ष सेना सेवा संस्थान करौली के तत्वावधान में राजरानी पैलेस में स्नेह मिलन व संभाग स्तरीय पंचम प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। प्रतिभा सम्मान समारोह में दसवीं,बारहवीं और उच्चतर कक्षाओं में उच्च अंक प्राप्त करने वाले 300 से अधिक छात्र-छात्राओं तथा प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया राजस्थान नाथ समाज करौली के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र योगी व गोरक्ष सेना सेवा संस्थान के संस्थापक योगी ईश्वर सिंह बैंसला ने बताया कि समारोह में मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष ईश्वर योगी, दौसा जिलाध्यक्ष शिवचरण महंत रहे। कार्यक्रम में विशेष अतिथि जूनियर योगी विजेन्द्र नाथ योगी, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष रमेश राजोरिया भी शामिल हुए। समारोह में 10वीं,12वीं, स्नातक,डिठाी डिप्लोमा में 65प्रतिशत व किसी भी क्षेत्र में किसी भी वर्ग में राज्य स्तरीय,राष्ट्रीय स्तरीय व अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर अपना योगदान प्रदान करने वाले सभी नाथ सम्प्रदाय के होनहार बच्चों को सम्मानित किया गया।इस दौरान वक्ताओं ने कुरीतियों को त्यागने,शिक्षा को बढ़ावा देने, संगठन को मजबूत करने और सामाजिक गतिविधियों को बढ़ाने की अपील की।

# किसान सभा में पानी और रोजगार पर हुई चर्चा

**भुसावर/भरतपुर ( निसं )।** समाजवादी विचारक और पूर्व सांसद पंडित रामकिशन ने कहा कि देश में सबसे ज्यादा दु:खी किसान वर्ग है और किसानों का कर्जा माफ होना चाहिये तथा अमीर लोगों पर टैक्स लगातार उस पैसे को खेती और सिंचाई के साथ साथ शिक्षा और स्वास्थ्य पर खर्च करना चाहिये ।

पूर्व सांसद पंडित रामकिशन रविवार को ठााम भैसीना में आयोजित किसान सम्मेलन में बतौर मुख्यअतिथि बोल रहे थे । उन्होंने कहा कि देश में 88 किसान छोटी जोत बाले है जब किसान को सस्ता पानी मिलेगा तो उसकी आमदनी बढ़ेगी और बिजली का खर्चा कम हो जायेगा । उन्होंने कहा कि देश में गरीब और अमीर का फर्क बढ़ता जा रहा है तथा गलत नीतियों के ही कारण आज भारत में चीन और अमेरिका से ज्यादा अरबपति हो गये है जिनके साथ ज्यादा सम्पति और अधिक आमदनी होने की वजह से देश में आर्थिक गैर बराबरी बढ़ती ही जा रही हैं तथा आम उपभोक्ता की क्रय शक्ति कम होती जा रही है । उन्होंने कहा कि नरेगा के कार्य



समाजवादी विचारक और पूर्व सांसद पंडित रामकिशन ( दाएं से पहले ) की मौजूदगी में किसान सभा का आयोजन हुआ।

दिवस को बढ़ाकर सरकार को 200 दिन कार्य दिवस की गारन्टी देनी चाहिये । उन्होंने कहा कि सरकार जहाँ एक तरफ 28 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर करने की बात कह रही है जबकि 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज दे रही है अब सबाल उठता है कि जब देश में गरीबी कम हुई है तो दूसरी और आयकर दाताओं की संख्या भी तो बढ़नी चाहिये ।

उन्होंने कहा कि देश की कुल आवादी में से महज एक प्रतिशत लोग ही टैक्स दे रहे है , कर्जाभार और विकास की जरूरत को देखते हुऐ टैक्स के दायरे को और धनाढ्य लोगों पर बढ़ाना चाहिये ताकी उस टैक्स के पैसे से पानी शिक्षा और स्वास्थ्य की और बेहतरीन व्यवस्था हो सके ।

उन्होंने कहा कि आजादी से अब तक देश में 70 हजार किसानों ने आत्महत्याऐं की है लेकिन पिछले तीन

- देश में सबसे ज्यादा दु:खी किसान वर्ग है और किसानों का कर्जा माफ होना चाहिये

दशकों में 40 हजार किसानों ने आत्म हत्याऐं की है । किसान आन्दोलन में विगत वर्षों में करीब 700 किसानों की मौते हुई है ।

उन्होंने कहा की उपभोक्ताओं को सस्ता खाद्यान मिले , मंहगाई कम रहे इस नाम पर सरकारों ने पूरा वजन डाल दिया किसानों पर जिसकी बजह से किसान कर्जदार होता चला गया । उन्होंने कहा कि इस वर्ष बैंको ने 16 लाख करोड से अधिक का कर्जा माफ किया है लेकिन उसमें से 12 लाख करोड़ से अधिक का कर्जा बड़े उद्योगपतियों और कम्पनियों का ही कर्जा माफ किया है। सभा मे किसान नेता इन्दल सिंह जाट ने कहा कि जब तक किसानों को उनके उत्पादों का बाजार में लाभकारी मूल्य की गारन्टी का कानून नहीं बनता तब तक किसानों की हालत नहीं बदल सकती ।

## कृष्ण सुदामा मित्रता का किया बखान

**गंगापुर सिटी ( निसं )।** विजय पैलेस में चल रही श्रीमद् भागवत कथा की सप्तम दिवस रविवार को भागवताचार्य परम पूज्य गोविंद भैया द्वारा अकरूर जी कथा प्रसंग सत्राजीत, समरा सुर प्रसंग, भौमासुर वध की कथा एवं कृष्ण सुदामा चरित्र का वर्णन किया। आचार्य ने कहा कि भगवान कृष्ण के तीन विवाह हुए रुक्मणी, जामवंती और सतराजीत की पुत्री सत्यभामा से विवाह हुआ। जामवंत से 18 दिन मल युद्ध किया जामवंत जी को लगा कि यह तो साक्षात भगवान है जामवंत को भगवान राम से युद्ध की इच्छा पूर्ति के लिए भगवान कृष्ण ने मल युद्ध किया। जामवंत ने भगवान कृष्ण से अपनी बेटी जामवंती का विवाह किया। इसी प्रकार भौमासुर राक्षस वध करके उसकी कैद में 161०० कन्याओं को कैद छुडाया सभी कन्याओं का मन जान कर उनसे विवाह किया। आचार्य द्वारा भाई दूज की कथा सुनाते हुए कहा कि कालंदी यमुना से विवाह किया जो सूर्य पुत्री एवं यमराज की बहन थी। कथा में भाई बहन का भाई दूज का महत्व बताते हुए कहा कि यमुना अपने भाई यमराज से कहा कि कभी घर आया करो तब यमराज एक बार दुज पर यमुना जी से मिलने घर गए तब जमुना जी ने अपने भाई यमराज को भोजन कर कर तिलक किया और हाथ में धागा बांधा तब यमराज ने कहा कि बहन मांगो क्या मांगती हो बहन ने कहा कि इस दिन को यादगार बना दो भैया ने कहा कि जो कोई भाई दूज के दिन यमुना नदी में भाई बहन का हाथ पकडकर कर स्नान करेगा उसके सारे पाप धुल जाएंगे। कृष्ण सुदामा चित्रण की सजीव झांकी सजाकर भजन और संगीत के माध्यम से कृष्ण सुदामा की मित्रता का वर्णन किया।

## प्राचार्य भयसिंह मीना का सम्मान

**हिण्डौन सिटी ।** स्वामी धर्मबंधु द्वारा भारत के सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के लगभग 18000 विद्यार्थियों को राष्ट्रभक्ति,सुसंस्कार, चरित्र निर्माण एवं राष्ट्र के प्रति सम्मान आदि श्रेष्ठ गुणों को विकसित करने के उद्देश्य से गत 28 दिसंबर से प्रांसला जिला राजकोट (गुजरात) में आयोजित 25वें राष्ट्र कथा शिविर में करौली जिले से स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल स्कूल टोडाभीम के 10 स्काउट एवं स्काउटर अरविन्द कुमार शर्मा के साथ सहभागिता कर रहे, प्राचार्य भयसिंह मीना स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल स्कूल टोडाभीम को भारत के रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ द्वारा शॉल उड़ाकर एवं स्वामी धर्म बंधु द्वारा विरचित पुस्तक स्मारिका देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान मंचस्थ अतिथियों में श्री संजीव सान्याल प्रधानमंत्री आर्थिक सलाहकार एवं बसंत बालाजी न्यायाधीश केरल उच्च न्यायालय तथा स्वामी धर्म बंधु जी उपस्थित थे।

# पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि दी

**भरतपुर ।** आज जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय भरतपुर पर पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री डॉ मनमोहन सिंह जी के निधन पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। जिला कांग्रेस संगठन महासचिव योगेश सिंघल बताया कि श्रद्धांजलि कार्यक्रम में सर्वप्रथम कांग्रेस जिला अध्यक्ष दिनेश सूपा, सांसद श्रीमती संजना जाटव, पीसीसी महामंत्री धर्मेंद्र शर्मा सहित सभी उपस्थित सभी जिला, ब्लाक एवं अठािम संगठनों तथा उपस्थित कांग्रेसजनों ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह जी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित किए। कार्यक्रम में सांसद श्रीमती संजना जाटव ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को देश ही नहीं बल्कि पूरे विश्व का महान नेता बताते हुए उनके पदचिन्हों पर चलने का आवाहन किया। पीसीसी महामंत्री धर्मेंद्र शर्मा ने स्वर्गीय मनमोहन सिंह को विश्व का महान अर्थशास्त्री बताते हुए भारत में नई आर्थिक नीति ईजाद करने की बात कही।अंत में श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष दिनेश सूपा ने स्वर्गीय मनमोहन सिंह द्वारा देश में उनके द्वारा लागू किए गए मनरेगा, भारत अमेरिका परमाणु युद्ध नीति, आधार कार्ड, सूचना का अधिकार आदि के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए कहा कि उन्होंने देश की लचर अर्थव्यवस्था में आमूलचूल परिवर्तन करते हुए विश्व की सबसे अच्छी अर्थव्यवस्था में शुमार किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी कांठोसजनों की मांग पर जिला अध्यक्ष श्री सूपा ने जिला कांग्रेस कमेटी भरतपुर के माध्यम से भारत सरकार से पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय मनमोहन सिंह जी को भारत रत्न की उपाधि से भी सम्मानित करने की मांग की। सूपा ने कहा कि इस मांग के लिए डीसीसी भरतपुर की ओर से एक पत्र भी भारत सरकार को लिखा जाएगा।

श्रद्धांजलि कार्यक्रम का संचालन संगठन महासचिव योगेश सिंघल ने तथा अंत में आभार प्रदर्शन शहर अध्यक्ष दयाचंद पचौरी ने किया। कार्यक्रम के अंत में स्वर्गीय डॉक्टर मनमोहन सिंह एवं जिले की महिला कांग्रेस नेत्री रही स्वर्गीय शांता पाराशर के निधन पर 2 मिनट का मौन भी रखा गया। कार्यक्रम में प्रधान राजू गुर्जर, अशोक फौजदार, जगदीश बंजी,श्रीभगवान कटारा, रमेश धावई ,निरंजन जघीना ,राजेंद्र सारस्वत, सुरेश पदयात्री आदि उपस्थित थे।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात

**करौली ।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 117वे संस्करण को भाजपा करौली शहर मंडल के सभी शक्ति केंद्र पर सुना गया। सरदार पटेल शक्ति केंद्र के बूथ संख्या 152 पर शहर मंडल अध्यक्ष आशुतोष तिवारी एवं मन कि बात कार्यक्रम के जिला संयोजक वीरेंद्र मित्तल,धन सिंह माली, मुकेश माली, जितेंद्र सैनी आदि ने सुना। अटल बिहारी वाजपेई शक्ति केंद्र के सीताबाड़ी स्थित बूथ संख्या 132 पर मंडल महामंत्री आशीष जैन के नेतृत्व में बूथ अध्यक्ष आशुतोष जैन,कपिल जिंदल,सेजल,गुंजल आदि ने सुना। इसी क्रम में पंडित दीनदयाल उपाध्याय शक्ति केंद्र के बूथ संख्या 138 पर जिला महामंत्री धीरेंद्र बैसला के नेतृत्व में बूथ अध्यक्ष अभिषेक तिवारी आदि ने सुना। वीर सावरकर शक्ति केंद्र के बूथ संख्या 111 पर कपिल देव पाराशर के नेतृत्व में राहुल पाराशर,अशोक पराशर आदि ने सुना। महाराणा प्रताप शक्ति केंद्र के बूथ संख्या 126 पर पंकज अठावाल के नेतृत्व में अंकित गुप्ता आदि ने सुना तथा वीर शिवाजी शक्ति केंद्र के बूथ संख्या 144 पर तेजेंद्र सिंह जादौन के नेतृत्व में भाजपाइयों ने कार्यक्रम को सुना। कार्यक्रम के दौरान शहर में बिजली कटौती होने के कारण सभी कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम को मोबाइल के माध्यम से सुना शहर मंडल अध्यक्ष आशुतोष तिवारी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को 117वीं बार 'मन कि बात' कार्यक्रम के माध्यम से देशवासियों से संवाद किया। यह 2024 का आखिरी एपिसोड था। प्रधानमंत्री मोदी ने 'मन की बात' की शुरुआत करते हुए देशवासियों को नए साल की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि 2025 अब नजदीक है और इस वर्ष 26 जनवरी को हमारे संविधान को लागू हुए 75 साल पूरे हो जाएंगे जो हम सभी के लिए गर्व का विषय है।

## जमीन व दुकान बंटवारे की मांग

**रूपवास ।** कस्बा निवासी सत्यनारायण सिंघल ने भरतपुर रोड़ पर स्थित जमीन व दुकान के बंटवारे की मांग को लेकर थाने में एक तहरीर दी है। जिसमें बताया गया है कि 32 वर्ष पूर्व किशनगोपाल,कांतिस्वरूप एवं रामगोपाल ने भरतपुर रोड़ जमीन खरीदी थी। जिसमें आपसी सम्बंध होने के कारण वह जमीन किशनगोपाल के नाम रजिस्ट्री करा दी। किशनगोपाल ने कांतिस्वरूप व रामगोपाल के नाम पर 10 रुपए के स्टाम्प पर इकरारनामा कराकर लिख दिया तथा सन 2022 में किशनगोपाल ने रामगोपाल के बेटे नाम रजिस्ट्री करा दी तथा कांतिस्वरूप पर जमीन का इकरारनामा है। सन 1991 से वह दुकान व जमीन कांतिस्वरूप के पास है।

# 'डेढ़ साल जिला रखने के बाद जिला निरस्त करना ठीक नहीं'

**गंगापुर सिटी ।** वहीं राज्य सरकार के गंगापुर सिटी को जिला निरस्त करने पर जिले के लोगो में सरकार के प्रति भारी आक्रोश पनप रहा है। राज्य सरकार ने शनिवार को हुई कैबिनेट बैठक में 9 जिले और 3 संभाग खत्म कर दिए है। ऐसे में प्रदेश में अब 41 जिले और 7 संभाग है। जिनमें गंगापुर सिटी का जिले का दर्जा भी हटा दिया गया है। जिसको लेकर लोगों में नाराजगी है। जिले की घोषणा 17 मार्च 2०23 को हुई थी। तत्कालीन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने विधानसभा में प्रदेश में एक साथ 17 जिले और तीन नए संभाग बनाने की घोषणा की थी। इनमें गंगापुर सिटी भी शामिल था। सवाई माधोपुर जिले से पांच तहसीलों बामनवास, बरनाला, तलावडा, गंगापुर, वजीरपुर और करौली जिले से नादौती, टोडाभीम तहसीलों को हटाकर गंगापुर को जिला बनाया था। 7 तहसील और बामनवास, गंगापुर, वजीरपुर, टोडाभीम और नादौती उपखंड को शामिल किया था। गंगापुर सिटी का जिले का दर्जा छीनने के बाद अब ये उपखंड और तहसीलें पूर्ववत जिलों में शामिल हो जाएंगे। वहीं राज्य सरकार के गंगापुर सिटी को जिला निरस्त करने पर जिले के लोगो में सरकार के प्रति भारी आक्रोश पनप रहा है। आमजन खुलकर सामने नहीं आओ लेकिन मन ही मन सरकार के प्रति भारी आक्रोश की आग क्षैत्र के लोगो में धधक रही है।

## गिरी जी महाराज का किया सम्मान

**भरतपुर ।** आज भरतपुर पुष्पवाटिका कॉलोनी,नीयर गायत्री स्कूल के पास यजमान तरूण कुमार तिवारी की ओर से उनके निज निवास पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के आचार्य प्रवर श्री 1008 स्वामी डॉ. हरि रामानन्द गिरी जी महाराज का वरिष्ठ समाजसेवी एवं श्री ब्राह्मण सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष कौशलेश शर्मा के नेतृत्व में ब्राहमण समाज के विभिन्न सामाजिक संगठनों की ओर से माला, साफा, दुपट्टा पहनाकर एवं बिहारी जी महाराज का प्रतीक चिन्ह भेंटकर स्वागत सम्मान किया गया । आज की कथा में गोवर्धन एवं रूकमणी विवाह के महत्व का वर्णन करते हुए आचार्य डॉ. हरि रामानन्द गिरी महाराज ने बताया कि एक बार बृज में बहुत अधिक वर्षा होने के कारण गांव वासी परेशान हो गए थे। तब भगवान विष्णु के अवतार श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत को अपनी छोटी उंगली पर उठा लिया था। पर्वत के नीचे सभी बृजवासी, पशु-पक्षी जीवन की रक्षा हेतु शरण में आ गए थे। उसके बाद से ही गोवर्धन पूजा की परंपरा की शुरूआत हुई। रुक्मिणी विवाह का वर्णन करते हुए बताया कि रुक्मिणी को लक्ष्मी का अवतार माना जाता है। उन्होंने श्रीकृष्ण से प्रेम विवाह किया था । रुक्मिणी, भगवान कृष्ण की पत्नी और रानी थी। द्वारिका के राजकुमार कृष्ण ने उनके अनुरोध पर एक अवांछित विवाह को रोकने के लिए उनका हरण किया एवं अपने साथ ले गए तदन्तर उन्हें दुष्ट शिशुपाल से बचाया । भक्ति रस से परिपूर्ण संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के मुख्य यजमान तरूण कुमार तिवारी ने भी आगंतुक अतिथियों का भावपूर्ण अभिनंदन किया । श्री ब्राह्मण सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता कौशलेश शर्मा ने बताया कि कलयुग में गिरिराज जी पूजा का बहुत बड़ा महत्व है उन्होंने बताया कि पूजा के बाद गोवर्धन जी की सात परिक्रमाएं लगाते हुए उनकी जय बोली जाती है. परिक्रमा के वक्त हाथ में लोटे से जल गिराते हुए और जौ बोते हुए परिक्रमा पूरी की जाती है. गोवर्धन गिरि भगवान के रूप माने जाते हैं और उनकी पूजा घर में करने से धन, संतान और गौ रस की वृद्धि होती है । श्रीमद्भागवत ऐसी कथा है जो जीवन के उद्देश्य एवं दिशा को दर्शाती है। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी एवं श्री ब्राह्मण सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष कौशलेश शर्मा, विप्र फाउंडेशन के पूर्व जिलाध्यक्ष नैमीचन्द मुद्गल, विप्र फाउंडेशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष ईश्वरी प्रसाद , समाजसेवी बृजकिशोर , एलआईसी के लालचन्द शर्मा, अन्नपूर्णा रसोई संचालक विष्णुदत्त शर्मा, श्री ब्राह्मण सेवा समिति के वरिष्ठ सदस्य पं. बनबारीलाल शर्मा, सेवानिवृत्त सहायक अभियंता इंजी. देवकीनंदन शर्मा, सेवानिवृत्त रोडवेज कर्मचारी संघ के संभागीय अध्यक्ष दिनेश शर्मा जघीना, सेवानिवृत्त अमीन रामेश्वर शर्मा, समाजसेवी आननद बिहारी भारद्वाज, समता आन्दोलन के जिलाध्यक्ष केदार नाथ पाराशर, समता आन्दोलन के अशोक शर्मा सारस सहित अनेक विप्र बन्धु मौजूद रहे ।

# शीतलहर से बढ़ी ठिठुरन, मावठ के बाद तेज हुई सर्दी

**हिंडौन** जिला अस्पताल की ओपीडी में बढी मरीजों की संख्या। हिंडौन सिटी। क्षेत्र में रविवार को शीतलहर से तेज सर्दी शुरू हो चुकी है। वहीं तापमान में भी 3 डिठाी की गिरावट रही। इधर तेज सर्दी के कारण दिन में लोग घरो में दुबके रहे या अलाप जलाकर सर्दी से बचने की जुगत लगते रहे । जिसके कारण गलियों में सन्नाटा पसरा रहा रहा।

उल्लेखनीय है कि गत शुक्रवार को दिनभर आसमान में बादल छाए रहने के बाद शाम को हल्की मोहब्बत का दौर शुरू हुआ जो रुक-रुक कर रात भर जारी रही इसके बाद आसमान में बदल तो छाए रहे हैं । लेकिन किसान मेघों की मेहरबानी की बात जोह रहे हैं ।

इस दौरान कोहरा, शीतलहर व मावठ पडने से सर्दी का तेज असर शुरु हो चुका है। वहीं लगातार तापमान में गिरावट होने से भी सर्दी आमजन को प्रभावित कर रही है। जिले में शुक्रवार - शनिवार को हुई मावठ से दिन का अधिकतम तापमान 14 डिठाी से लुढककर 10 डिठाी रह गया। गत दो दिन से चल रही शीतलहर के प्रकोप से बचने के लिए लोग गर्म कपड़ों से लदे हुए है या अलाप जलाकर सर्दी से बचने की जुगत लगा रहे है । इन दोनों मलमास के चलते



मावठ के बाद लोगों ने अलाव जला कर सर्दी से राहत पाने का प्रयास किया।

धार्मिक में विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजनों पर लगाम लगी हुई है। जिसके चलते बाजार में भीड़-भाड कम है । इधर सर्दी के तीखे तेबर होने के बाद बाजारों में सन्नाटा पसरा हुआ है ।

सर्दी से बच्चे व बुजुर्ग ज्यादा प्रभावित हो रहे है। शिशुओं में खांसी, जुखाम के साथ निमोनिया की शिकायत बनी हुई है। पिछले एक हफ्ते में जिला अस्पताल के शिशु वार्ड में निमोनिया के कारण शिशु भर्ती हो रहे है। शिशु वार्ड में प्रतिदिन भर्ती हो रहे शिशुओं में 10 से ज्यादा बच्चों में निमोनिया की शिकायत मिल रही है। जिन्हें भर्ती कर उपचार दिया जा रहा है। सर्दी में शीतलहर की चपेट में आने से बच्चों में खांसी, जुखाम के साथ तेज उल्टी होने की भी शिकायत मिल रही है।

जिनमें नवजात से लेकर 12 साल के बच्चे सर्दी के शिकार हो रहे है। वही बुजुर्गों के स्वास्थ्य को भी सर्दी प्रभावित कर रही है। जिला अस्पताल के शिशु वार्ड में भर्ती हो रहे मरीजों की संख्या बढ़ने से एक पलंग पर 2-3शिशु रोगी भर्ती हो रहे है। इसी के साथ बुजुर्ग व बच्चों के लिए सर्दी से बचाव को लेकर शरीर को गर्म वस्त्रों से ढक कर रखने व कमरों में रुकने की चिकित्सकीय सलाह दी जा रही है। इधर किसानों का कहना है कि क्षेत्र में घटते जल स्तर से फसल पूरी तरह मावत और बारिश पर निर्भर है ऐसे में हल्की मोहब्बत ने ही फसल में जान डाल दी है। दिन भर छाए रहे बादलों से अनुभवी किसान अनुमान लगा रहे हैं कि जल्दी ही मावत मेहरबान होगी जो फसल के लिए जीवन दाहिनी साबित होगी। इधर मौसम विभाग भी आने वाले तीन दिनों में बारिश की चेतावनी दे रहा है।

## सार-समाचार

### शोक सभा का आयोजन



करौली में कांग्रेस विधायक सहित जिला अध्यक्ष,पदाधिकारियों ने प्रधानमत्री मनमोहन सिंह के निधन प श्रंद्धांजलि सभा की।

**करौली ।** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के आकस्मिक निधन पर रविवार को गुलाब बाग स्थित बस ऑपरेटर धर्म'ाला मे एक शोक सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कांठोस कार्यकर्ताओं,नेताओं और स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया और डॉ. मनमोहन सिंह के प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। सभा का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और डॉ. मनमोहन सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथियों ने उनके जीवन और योगदान पर प्रकाश डाला। सभा में वक्ताओं ने डॉ. मनमोहन सिंह कि निष्ठा, ईमानदारी और देश के प्रति समर्पण को याद किया और उनके द्वारा किए गए कार्यों कि सराहना की।जिला कांठोस कमेटी के अध्यक्ष शिवराज मीणा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह का निधन पूरे देश के लिए एक अपूरणीय क्षित है। उन्होंने अपने कार्यकाल में देश कि अर्थव्यवस्था को मजबूत किया और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत कि प्रतिष्ठा बढ़ाई। उनकी सादगी और विनम्रता हमें हमेशा प्रेरित करती रहेंगी। पीसीसी सचिव भूपेन्द्र भारद्वाज ने कहा कि भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ.मनमोहन सिंह का निधन पूरे देश के लिए एक अपूरणीय क्षित है। डॉ. मनमोहन सिंह कि उपलब्धियों और उनके द्वारा किए गए कार्यों को देश हमेशा याद रखेगा। डॉ. मनमोहन सिंहएक महान अर्थशास्त्री और दूरदर्शी नेता थे जिनके नेतृत्व में भारत ने कई महत्वपूर्ण प्रगति कि। सभा में सभी उपस्थित जनों ने दो मिनट का मौन रखकर डॉ. मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि दी और उनके परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की। इसके पश्चात सभा का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष शिवराज मीणा और हिंडौन विधायक अनीता जाटव,प्रदेश सचिव भूपेंद्र भारद्वाज,जिला उपाध्यक्ष विशंभर शर्मा,राम चरण मीणा, जिला महासचिव भगवान सहाय शर्मा,उपसभापति सुनील सैनी,करौली शहर ब्लॉक अध्यक्ष रामगोपाल माली,सरदो गुर्जर,रिजवान खान,राजेश पहाड़ी,समयराज मीणा,लक्ष्मी मीणा,सविता मीणा,जगदीश मीणा,बृजमोहन कोटवाल, हरिराम माली,अब्दुल जलील,लोकेश सिंह,रामगिलास बैरवा,अमर सिंह सरपंच,इंद्राज जाटव,विष्णु मुंदरी,सुरेश कुमार,चंद्र प्रकाश सैनी, हनुमान सिंह,मानसिंह, ठीकम,गिर्राज प्रसाद,प्रदीप सिंह घावई व अन्य कांठोस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### संशोधित वेतन के आदेश निकालने की मांग

**करौली** (नि.स.)। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के जिला अध्यक्ष अशोक कुमार मीना ने जिला शिक्षा अधिकारी इंद्रेश तिवाड़ी को ज्ञापन सौंपकर पंचायत सहायक से बदल कर विद्यालय सहायक बनाए गए डिठाी धारी कार्मिकों का पदनाम पंचायत शिक्षक परिवर्तित कर तदानुसार संशोधित मानदेय देने के आदेश शीघ्र जारी करने की मांग कि है। शिक्षक संघ के जिला प्रवक्ता राजेन्द्र दीवान ने बताया कि जिला अध्यक्ष ने ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया है कि माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय के निर्णय की अनुपालना में प्रारंभिक शिक्षा निदेशालय बीकानेर द्वारा इस बाबत आदेश भी जारी कर दिए गए किन्तु करौली जिले में अभी तक इन आदेशों की पालना नहीं की गई है जिससे पंचायत शिक्षकों में रोष व्याप्त है तथा न्यायालय के आदेशों की अवेहलना की जा रही है। माध्यमिक के साथ प्रारंभिक शिक्षा का काम देख रहे जिला शिक्षा अधिकारी इंद्रेश तिवाड़ी ने शीघ्र ही कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है।

### मासिक बसयात्रा 5 को

**गंगापुर सिटी ।** मां गुमानो बीजासणी देवी करणपुर वाली सेवा समिति के तत्वाधान में हर माह की छठ को जाने वाली मासिक बसयात्रा इस बार 5 जनवरी रविवार को थोक फल सब्जी मण्डी से दोपहर 1 बजे रवाना होगी। समिति अध्यक्ष महेश शर्मा ने बताया कि 5 जनवरी को करणपुर देवी के दरबार मां गुमानो यात्री निवास में विशाल पौष बडा भण्डारा व जागरण का आयोजन किया जायेगा। समिति अध्यक्ष महेश शर्मा ने माता रानी के सभी भक्तो से अधिक से अधिक संख्या में चल कर माता रानी के जागरण में भाग लेने की अपील की है। महामंत्री गोपाल सोनी ने बताया कि जागरण के दौरान मातारानी की चूंदरी की लॉटरी भी निकाली जायेगी। वापसी में सभी भक्तो को खोहरी व कैलादेवी मैया के दर्शन भी कराये जायेंगे।

### शीघ्र कार्रवाई की मांग

**हिंडौन सिटी।** गत दिनों दौसा के बालाजी में घटित अपराधी घटना के मामले में दर्ज रिपोर्ट पर शीघ्र कार्रवाई करने की मांग करते हुए आजाद पार्टी के पदाधिकारी ने राज्यपाल के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सोपा। आजाद पार्टी के जिला प्रभारी रिंकू खेडी अवध सहित दर्शन लोगों ने जिला कलेक्टर को सौंप ज्ञापन में लिखा है कि महवा (दौसा) के बालाहेडी थाना क्षेत्र में कुछ दिनों पहले एक जघन्य अपराध घटित हुआ है। ठााम हरिपुरा (ठााम पंचायत, खोचपुरी) के राजकीय प्राथनिक विदा दिनों पहले एक जघन्य अपर स्कूल के अध्यापक द्वारा लंबे समय तक दुष्कर्म जैसा घिनौना अपराध किया है। इस संबंध में बालाहेडी थाना में 14 दिसंबर को मामला दर्ज करवाई गई है। लेकिन दोषी इतने दिनों बात अभी तक भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। ज्ञापन में लिखा है कि इस प्रकरण को लेकर 23 दिसंबर 2024 से पीड़ित परिवार के साथ सर्वसमाज के लोग अनिश्चित कालीन धरने पर बैठे है लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नही हुई है । आजाद पार्टी के पदाधिकारियों ने इस मामले में शीघ्र कार्रवाई की मांग की है ।

### रामकथा से माहौल हुआ धर्ममय

**करौली ।** करौली शहर कि विवेक विहार कॉलोनी में चल रही संगीतमय राम कथा से पूरी कॉलोनी का माहौल धर्ममय बना हुआ है। शहर की विवेक विहार कॉलोनी और आनंद विहार कॉलोनी वासियों द्वारा गत 26 दिसंबर से संगीतमय रामकथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा पंडित गिरिराज प्रसाद व्यास मथुरा वृंदावन वालों के द्वारा संगीतमय धुन में सुनाई जा रही है जिसको सुनकर श्रोतागण भाव विभोर हो रहे हैं और संगीतमय रामकथा के चलते रविवार को राम भगवान, सीतामाता,लक्ष्मण आदि कि मनमोहित झांकियां सजाई गई आयोजक कॉलोनी वासियों ने बताया कि 3 जनवरी को राम कथा का पूर्ण आहुति के साथ समापन होगा और 4 जनवरी को प्रसादी वितरण का आयोजन किया जायेगा।

### 20 सूत्रीय कार्यक्रम प्रगति बैठक आज

**करौली** (नि.स.)। मुख्य आयोजना अधिकारी जिला परिषद ने बताया है कि आज सोमवार को प्रात: 11:00 बजे से जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना कि अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में 20 सूत्री कार्यक्रम माह नवम्बर 2024 की प्रगति समीक्षा बैठक का आयोजन किया जाएगा।

### शिविरों का आयोजन

**करौला** (नि.स.)। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा गांव-गांव तक स्वास्थ्य सेवाओं की सुगम पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला करौली में सरकार के कार्यकाल की प्रथम वर्षगांठ के आयोजित मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविरों में परामर्श,जांच और ईलाज सेवाएं प्राप्त की। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सतीश चंद मीना ने बताया कि शुक्रवार को खण्ड करौली में सीएचसी परिता,खण्ड हिंडौन में पीएचसी महू इब्राहिमपुर,खण्ड सपोटरा में पीएचसी दौलतपुरा,खण्ड मासलपुर में पीएचसी खेड़िया और खण्ड मंडरायल में पीएचसी ओंड में शिविर आयोजित किए गए। जिसमें ठाामीणों ने नेत्र रोग, दंत रोग,क्षय रोग,गैर संचारी रोगों की स्क्रीनिंग सहित खांसी,जुखाम,बुखार और विभिन्न बीमारियों का एलोपैथिक,आयुर्वेदिक और होम्योपैथिक उपचार लिया। उन्होंने शिविर का निरीक्षण कर लाभार्थियों की संख्या बढ़ाने के लिए क्षेत्र में प्रचार-प्रसार सहित शिविर में आने वाले लाभार्थियों को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान करने लिए निर्देशित किया।